# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड।

## प्रेसनोट

आज दिनांक 21 जनवरी, 2021 को श्री अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एसडीआरएफ, जल पुलिस एवं बाढ़ राहत पीएसी दल के कार्यों एवं उनके व्यवस्थापन की समीक्षा की।

श्री अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त जल पुलिस, एसडीआरएफ डीप डाइविंग टीम, एवं बाढ़ राहत पीएसी दल के प्रभारियों से उनकी जनशक्ति, उनकी तैनाती एवं उनके पास उपलब्ध रैस्क्यू उपकरणों की जानकारी प्राप्त कर निम्न बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिये गये-

1. टिहरी झील की महत्तता को देखते हुए ढालवाला, ऋषिकेश में तैनात एसडीआरएफ की एक सब टीम को टिहरी डैम झील में तैनात करने हेतु निर्देशित किया।
2. बाढ़ राहत पीएसी दल की टीम को पूर्व में तैनात स्थानों के अतिरिक्त में शिवपुरी (टिहरी गढवाल), लक्ष्मणझूला (पौड़ी गढ़वाल), संगम स्थल (रूद्रप्रयाग) एवं गुलभोज (ऊधमसिंहनगर) में तैनात करने के निर्देश दिए।
3. देवप्रयाग संगम स्थल पर जल पुलिस की टीम नियुक्त करने हेतु भी निर्देशित किया।
4. एसडीआरएफ, जल पुलिस एवं बाढ़ राहत पीएसी दल के रैस्क्यू उपकरणों का निरीक्षण कर पूर्व में उपलब्ध उपकरणों के अतिरिक्त नए कारगर उपकरणों को उपलब्ध कराने हेतु पुलिस महानिरीक्षक पी/एम को निर्देशित किया।

बैठक में श्री अमित सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक, पी/एम, श्री वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, श्रीमती रिधिम अग्रवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक, पी/एम, श्री नीलेश आनंद भरणे, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, श्री नवनीत भुल्लर, सेनानायक एसडीआरएफ सहित समस्त जल पुलिस, एसडीआरएफ डीप डाइविंग टीम, एवं बाढ़ राहत पीएसी दल के प्रभारी उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल,**

**पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड।**